## सार-समाचार

### सुलताना को पंचायत समिति बनाने की मांग, विधायक को ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुलताना में स्थानीय विधायक राजेंद्र सिंह भांबू के आगमन पर संयुक्त किसान मोर्चा के सुलताना के संयोजक कामरेड सुरेश महला के नेतृत्व में सुलताना ग्राम के प्रतिनिधि मंडल ने नए परिसीमन के तहत सुलताना को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि चिडावा पंचायत समिति की चनाना, सोलाना, भडौंदा कलां, भडौंदा खुर्द, भुकाना आदि कई ग्राम पंचायतें चिडावा मुख्यालय से दूर होने के कारण जनता की परेशानी को देखते हुए चिडावा पंचायत समिति क्षेत्र में मध्य में सुलताना होने की वजह से सुलताना में पंचायत समिति कार्यालय खोला जाए। ज्ञापन में कहा गया कि आसपास के चालीस ग्रामों का बाजार सुलताना ही लगता है। लौह से बर्तनों को बनाने का कारोबार बड़े स्तर पर चल रहा है। खेतड़ी, प्रस्तावित गुढ़ागौड़जी व झुंझुनूं की अपने मुख्यालयों से दूरी ज्यादा होने के कारण सुलताना पंचायत समिति बनने पर नजदीक होने की वजह से जुड़ने के लिए इच्छुक हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के सुलताना संयोजक कामरेड सुरेश महला ने कहा कि मांग न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। प्रतिनिधिमंडल में कामरेड सुरेश महला के अलावा ज्ञानप्रकाश सैनी, जितेन्द्र सिंह सैनी, इम्तियाज अली आदि शामिल थे।

### पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

**झुंझुनूं, (निसं)।** भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष व सप्तऋषि मंडल कोषाध्यक्ष राकेश सहल के नेतृत्व में पक्षियों के लिए 51 परिंडे लगाए गए। राकेश सहल ने गर्मी को देखते हुए रविवार को 11 स्थानों पर पक्षियों के लिए अलग अलग स्थानों व मंदिरों पर पानी के परिंडे रखे। जिसमें मनसा देवी पहाड़ी पर, गणेश मंदिर भिखा वाले कुएं के पास, लॉयंस क्लब पार्क में, जोशियों के गट्टा पर, वहीं बालाजी के मंदिर पर, महमियों की कुटिया पर, अखाड़ा के अंदर व आस पास के मंदिर में रखे गए। मंदिर के पुजारियों से निवेदन किया गर्मी के मौसम में अगर सबसे पुण्य काम है तो पक्षियों को दाना डालना व पानी पिलाने का काम करें। जो निस्वार्थ सेवा है। सप्त ऋषि महामंडल अध्यक्ष हरिकिशन शुक्ला व सचिव अनिल जोशी ने बताया कि कोई भी मंदिर में पानी के परिंडे रखना चाहे तो मंदिर का पुजारी आकर जोशियों की कुटिया से मंदिर के लिए निशुल्क पानी के कुंडे प्राप्त कर सकते हैं या हमें अवगत करा सकते हैं। हमारी टीम के सदस्य स्वयं जाकर भी देकर आ जाएंगे। कार्यक्रम चंद्रप्रकाश जोशी, रितेश जोशी, भूरा जोशी, बबलू जोशी, विकास पुरोहित, अमित पांडे, अशोक जोशी मौजूद थे।

### कमलेश देवी कायथ की स्मृति में पति पानी की टंकी बनवाई

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के हांसलसर गांव में अब राहगीर व मवेशी प्यासे नहीं रहेंगे। रविवार को यहां स्वर्गीय कमलेश देवी कायथ की स्मृति में उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर पति शीशराम कायथ व पुत्र जतिन कायथ ने जल संरक्षण की सकारात्मक पहल करते हुए पानी की टंकी व खेळी बनावाई है। इस दौरान बरगद का पेड़ भी लगाया गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने पानी की टंकी व खेळी का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए टंकी व खेळी को सार्वजनिक कार्य के लिए समर्पित किया। इस अवसर पर हांसलसर सरपंच रामनिवास शर्मा, जिला अभिभाषक संस्था के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मील, पूर्व सरपंच उदमीराम झाझड़िया, सेवानिवृत बैंकर मूलचंद कुमावत, उप सरपंच रामप्रसाद, श्रीराम ब्यामल, ओमप्रकाश कायथ, महावीर कुमावत, रामस्वरूप मील, मंगलचंद, ओमप्रकाश शर्मा, राकेश कालेर, सहीराम मील, राजकरण ब्यामल, महिपाल महला, समेत अनेक बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों ने कायथ परिवार के योगदान की सराहना की।

### डागा श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा चूरू के अध्यक्ष बने

**चूरू (निसं)।** तेरापंथ भवन में रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा चूरू के सत्र 2024- 26 के लिए अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। मतदान सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुआ जो 2 बजे तक चला बाद में मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ताराचंद बांठिया व सह चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कोठारी ने बताया कि तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पद हेतु आज संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया में छतर सिंह डागा को निर्वाचित घोषित किया गया है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सभी प्रक्रिया संविधान के अनुसार, निष्पक्ष रूप से एवं शांतिपूर्ण संपन्न करवाई गई। समाज के सभी महिला व पुरूषों ने सहयोग प्रदान किया। उन्होंने अपने सहयोगी टीम एवं पूरे श्रावक समाज को साधुवाद दिया एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष छतर सिंह डागा को प्रमाण पत्र दिया। साथ ही आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

### गर्मी में नींबू पानी की व्यवस्था की

**सीकर (निसं)।** शहर में लगातार प्रचंड गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए जगह-जगह ठंडे पेय पदार्थ की व्यवस्था की जा रही है ताकि लोगों को भीषण गर्मी के चलते राहत मिल सके इसी क्रम में आज राजश्री टॉकीज के सामने राहगीरों को राहत देने के लिए राजश्री रेस्टो बार द्वारा नींबू पानी की व्यवस्था की गई लोगों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए की गई व्यवस्था में राम सिंह बडगूजर छोटू सैनी सुनील डोलिया मनोज सेन कार्तिक बडगूजर तनीषा बडगूजर राजू गुप्ता तथा जोगेंद्र सिंह का विशेष सहयोग रहा राहगीरों ने शानदार की गई नींबू पानी की व्यवस्था की सराहना करते हुए आयोजनकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

### एसीआई की कनिका ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो में गोल्ड जीता

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कनिका कुमारी ने अंडर 19 सब- जूनियर ताइक्वांडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय परिवार व माता -पिता को गौरवान्वित किया। संस्थान खेल प्रशिक्षक आकाश योगी ने बताया कि राजस्थान ताइक्वांडो के राज्य स्तरीय सब जूनियर कैडेट व सीनीयर प्रतियोगिता जो जयपुर में आयोजित की गई थी में संस्थान की छात्रा कनिका पुत्री मनोज सिंह ने अंडर-29 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर संस्था, झुंझुनूं जिले एवं माता-पिता को गौरवान्वित किया है। संस्थान निदेशक मनोज शर्मा विकास शर्मा ने छात्रा के स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सिल्वर बटन मिलने पर स्वागत किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** सोशल मीडिया पर स्पोर्ट्स क्षेत्र में अपनी कमेंट्री से पहचान बनाने वाले गजानंद दोबड़ा का शिक्षा विकाश समिति दोबड़ा के सानिध्य में ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। गजानंद आरजे यूट्यूब चैनल पर एक लाख सब्सक्राइब कंप्लीट करने पर यूएसए से गजानंद को सिल्वर प्ले बटन मिला है। दोबड़ा गांव में रघुनाथ जी मंदिर परिसर में गजानंद को पुष्पमाला, साफा एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। शिक्षा विकाश समिति अध्यक्ष अजीत कस्वां ने संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### अंबेडकर भवन में एलईडी लाइट बोर्ड लगा

**झुंझुनूं, (निसं)।** अंबेडकर भवन झुंझुनू के मुख्य द्वार पर एलईडी बोर्ड मय लाइट का शुभारंभ संस्था संरक्षक महावीर सानेल ने किया। यह एलईडी बोर्ड 45 हजार रूपए की लागत से संस्था ने बनवाया है। इस अवसर पर रामनिवास जिनोलिया, रामस्वरुप रसोड़ा, बनवारी घोटड़, सुखदेव सरोवा, डॉ. नीतेश गर्वा, डॉ. संपत्त बारूपाल, डॉ. महेंद्र सानेल, मदन प्रेमी, सुरेश गर्वा, महेंद्र सिरोवा, घनश्याम आर्य, बजरंग खारिया, सुभाष निर्मल, मदन जिनागल, सागरमल सिरोवा, दयाराम तानेनिया, हरिश मालसर, ललिता मीणा, राजेश सिरोवा, सुमेर सानेल, जितेंद्र सानेल, गगन, दुर्गेश रांगेरा आदि उपस्थित थे।

### दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

**झुंझुनूं, (निसं)।** नूआं गांव स्थित नवगृह मंदिर नूआं में शनि जयंती के मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रम सोमवार से शुरू होंगे। भंवरलाल मांत्रिक ने बताया कि शनि जयंती के मौके पर मंदिर में संत सम्मेलन, जागरण व प्रसाद का कार्यक्रम होगा। पहले दिन संत सम्मेलन पर जागरण होगा। सोमवार को रात सवा नौ बजे से जागरण शुरू होगा। जिसमें रतनगढ़ के विनोद कुमार, गांगियासर के अशोक कुमार, लूणकनसर के नरेंद्र कुमार तथा रतनगढ़ के ही महावीर आदि भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

# पिस्टल सहित दो युवक गिरफ्तार

- शराब ठेका फायरिंग में थे आरोपी फरार
- राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाना पुलिस ने राजगढ़ थाने में बने स्वागत कक्ष में बैठे शराब ठेका पर फायरिंग प्रकरण में शामिल दो आरोपियों को रविवार शाम को दो अवैध हथियार पिस्टलों सहित गिरफ्तार किया है।

रामनिवास एएसआई ने दोनों आरोपियों की कब्जे से दो अवैध देशी कट्टा पिस्तौल बरामद की है। जिनको पुलिस ने सजगता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को पुलिस थाने में ही अवैध हथियार पिस्टलों सहित धर दबोचा। शाम सात बजे के करीब दी जानकारी के अनुसार थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि रविवार को पुलिस थाने में दो युवक स्वागत कक्ष में बैठे हुए थे। पुलिस ने जब दोनों से पुलिस थाने में आने के बाबत पूछताछ की तो दोनों घबरा गए, शक होने पर पुलिस ने दोनों युवकों की कपडों की तलाशी लेकर कपडों में छुपाए हुए हथियार दो पिस्टल बरामद किये। पूछताछ करने पर आरोपियो ने अपना नाम सचिन उर्फ नोटी पुत्र राजकुमार जांगिड उम्र 24 साल निवासी शेरला पुलिस थाना बहल जिला भिवानी हरियाणा व विरेन्द्र उर्फ अंकुश पुत्र रतनलाल मेघवाल (23) निवासी शेरला पुलिस थाना बहल जिला भिवानी हरियाणा होना बताया।

सचिन उर्फ नोटी व विरेन्द्र उर्फ अंकुश की तलाशी ली गई तो दोनो शक्सों के पास दो अवैध देशी कट्टा पिस्टल बरामद हुए। जिस पर दोनों आरोपियो के खिलाफ आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी कर दिया है। थाना अधिकारी सिहाग ने बताया कि करीब दो सप्ताह पहले राजगढ शहर में शराब ठेका पर फायरिंग की घटना को अन्जाम देकर तीन युवक फरार हो गये थे।

अज्ञात युवकों द्वारा फायरिंग की घटना कारित करने के बाद पुलिस अधीक्षक जिला चूरू जय यादव एवं अति. पुलिस अधीक्षक किशोरीलाल के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग व प्रकरण के अनुसधान अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने थाना स्तर पर टीमों का गठन कर प्रकरण की घटना को ट्रेस आउट कर आरोपियों को नामजद किया गया तथा चार आरोपीगण को बाद अनुसंधान गिरफ्तार कर लिया गया।

शराब ठेका फायरिंग प्रकरण में अभियुक्त सचिन उर्फ नोटी व विरेन्द्र उर्फ अंकुश दोनों ही मुख्य अभियुक्त हैं, जो घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। कार्यवाही में पुलिस थाना राजगढ टीम में रामनिवास एएसआई, नरपत कास्टेबल व सुनिता महिला कास्टेबल आदि शामिल रहे।

शराब ठेका फायरिंग प्रकरण में अभियुक्त सचिन उर्फ नोटी पुत्र राजकुमार जांगिड (24) निवासी शेरला पुलिस थाना बहल जिला भिवानी हरियाणा व विरेन्द्र उर्फ अंकुश पुत्र रतनलाल मेघवाल (23) निवासी शेरला पुलिस थाना बहल जिला भिवानी हरियाणा दोनों ही मुख्य अभियुक्त हैं, जो घटना के बाद से ही फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। कार्यवाही में पुलिस थाना राजगढ टीम में रामनिवास एएसआई, नरपत कास्टेबल व सुनिता महिला कास्टेबल आदि शामिल रहे।



राजगढ़ थाना पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध हथियार पिस्टलों सहित गिरफ्त में लिया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने सिंदूर तिरंगा यात्रा निकाली



पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास से वीरगति स्मारक तक भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सिंदूर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**चूरू (निसं)।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के अड्डों को नष्ट करने पर रविवार को चूरू में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास से वीरगति स्मारक तक भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सिंदूर तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाकर देशभक्ति पूर्ण वातावरण बना दिया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शिखा वेद, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत, तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के जिला संयोजक भास्कर शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभा धनधावत, सिंदूर यात्रा जिला संयोजक भारती मुद्गल, नेता प्रतिपक्ष विमिला गढ़वाल, रतन नगर पालिका की निवर्तमान अध्यक्ष निकिता गुर्जर सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा व विभिन्न महिला संगठनों से जुड़ी हुई कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# पहली बारिश में ही खुली सड़क की पोल

- जलभराव से व्यापारी और आमजन परेशान

**पाटन (निसं)।** पाटन बाईपास से धांधेला रोड तक बनी नई सड़क पहली ही मूसलाधार बारिश में अपनी गुणवत्ता की पोल खोल बैठी। बारिश के कुछ घंटों बाद ही रोड के दोनों ओर पानी भर गया, जिससे राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई थी। नतीजतन, बीती रात हुई तेज बारिश का पानी एक ओर इकट्ठा होकर दुकानों में घुस गया। इससे धांधेला रोड के सामने स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नुकसान हुआ और व्यवसाय प्रभावित हुआ। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि निर्माण से पूर्व उन्होंने विभाग और ठेकेदार को अवगत कराया था कि सड़क के नीचे जल निकासी के लिए पाइप डाले जाएं, ताकि बारिश के पानी की निकासी हो सके। लेकिन ठेकेदार ने इसे नजरअंदाज करते हुए पाइप नहीं डाले और आज परिणाम सामने है।राहगीरों को भी जलभराव के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों पर खतरा मंडरा रहा है।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही की जांच की जाए और सड़क पर तुरंत जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके।



पाटन बाईपास से धांधेला रोड तक बनी नई सड़क पहली ही मूसलाधार बारिश में अपनी गुणवत्ता की पोल खोल बैठी।

## सार-समाचार

### शिविर में 365 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं, (निसं)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं यूथ केंद्र झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में हर माह के आखिरी रविवार को आयोजित होने वाला विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से माता-पिता स्वर्गीय त्रिलोक जालान एवं भागीरथी जालान की स्मृति में टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा चावो दादी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। शिविर में 365 रोगियों की आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरण की गई एवं 110 चश्में वितरण किए। वहीं 35 मोतियाबिंद रोगियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनके ऑपरेशन सोमवार व बुधवार को कराए जाएंगे। अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल टीम द्वारा 170 बीपी, शुगर के रोगियों की जांच कर निशुल्क परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, जयप्रकाश शर्मा, देवेंद्र कुमार गौड़, रामगोपाल शर्मा, प्रदीप शुक्ला, सुभाषचंद्र जोशी, अकराज कुरैशी, रमेशचंद्र शर्मा, बिहारीलाल सैनी, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक कुमार शर्मा, बजरंगलाल अग्रवाल, कैलाशचंद्र शर्मा, पवन कुमार खेतान, राजदीप महर्षि, प्रमोद अग्रवाल, जुगल किशोर, संतोष कुमार काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### जीपीएल-2 का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न

**पाटन (निसं)।** जीपीएस नीमकाथाना कैंपस में आयोजित गुढ़ा प्रीमियर लीग (-2) का उद्घाटन समारोह बड़ी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। यह टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से आई टीमों और खिलाडियों ने भाग लिया है।समारोह की शुरुआत टूर्नामेंट की ट्रॉफी के अनावरण से हुई, जिसे देखकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरे आयोजन स्थल पर खेल भावना और जोश का माहौल बना रहा।उद्घाटन समारोह में गुढ़ा एजुकेशन हब के निदेशक के. सत्येन्द्र, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. भाटी, प्रशासनिक अधिकारी अजय धायल एवं सुश्री पूर्णिमा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल को जीवन में अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक बताया। यह टूर्नामेंट क्रिकेट कोच मनोहर एवं उनकी समर्पित टीम के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया।

# अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर झुंझुनूं में कार्यक्रम हुआ

- 'बारहठ जैसे वीर क्रांतिकारी आज भी हमारे आदर्श है'
- सैकड़ों युवाओं ने श्रद्धांजलि दी

**झुंझुनूं, (निसं)।** स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी अमर शहीद कुंवर प्रताप सिंह बारहठ की जयंती के अवसर पर शनिवार को श्री शार्दुल छात्रावास झुंझुनूं में एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के सैंकड़ों युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया और इस महान बलिदानी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता यशवर्धनसिंह शेखावत ने कहा कि कुंवर प्रताप सिंह बारहठ केवल राजस्थान ही नहीं, पूरे भारत के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी देशभक्ति, साहस और बलिदान की गाथा आने वाली पीढ़ियों को जागरूक करती रहेगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अंगद देवसिंह मंडावा ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. उम्मेद सिंह रहे। मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य सहदेव सिंह पालावत बिरमी ने बारहठ परिवार की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे यह परिवार क्रांति की ज्वाला का वाहक बना।युवा नेता रविन्द्र सिंह तोलियासर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर मदन सिंह बारहठ, गोविंदसिंह बारहठ लाठीपुरा, शंकर सिंह लावण्डा, बजरंग सिंह ख्याली, महेश सिंह कविया इरण्या की ढाणी, कुलदीप सिंह कविया, एडवोकेट जयदेव सिंह, एडवोकेट विजेंद्र सिंह, आदित्य सिंह बारहठ, सवाई सिंह किशनावत, जगदीश सिंह कविया, जयदेव सिंह रत्नू, राजेन्द्र सिंह भाटी, सुभाष सिंह शेखावत, विरेन्द्र सिंह तोलियासर, विशेष सिंह किशनावत, प्रताप सिंह, अशोक सिंह दुलचास एवं भवानी सिंह बिरमी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने विचार व्यक्त किए।

मंच संचालन रामसिंह बारहठ एवं महेश सिंह कविया ने किया। समारोह में वक्ताओं ने मांग की कि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीर सपूतों की गाथा को स्कूली पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाए, जिससे युवा पीढ़ी सही नायकों से प्रेरणा ले सके।

## शिविर में 103 यूनिट रक्त संग्रहित

**झुंझुनूं, (निसं)।** पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवा चुके नागरिक व ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को समर्पित रक्तदान शिविर मुस्लिम न्याय मंच के सौजन्य से झुंझुनूं के बीडीके हॉस्पिटल में आयोजित किया गया।

रक्तदान शिविर की अध्यक्षता बीडीके हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र भांबू ने की। मुख्य अतिथि राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार व विशिष्ट अतिथि डॉ. इकराज अहमद थे।

मुस्लिम न्याय मंच के संरक्षक व राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार ने रक्तदान करके शिविर की शुरूआत की। मंच के जिलाध्यक्ष इमरान बड़गुर्जर ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 103 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस रक्तदान शिविर में सर्वसमाज के रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

## 77 जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र वितरित किए

**तारानगर (निसं)।** डेरा सच्चा सौदा के 77वें स्थापना माह का भंडारा रविवार को शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनियां में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पावन भंडारे पर आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में बड़ी तादाद में साध-संगत ने भाग लिया। इस अवसर पर क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 77 जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। पावन भंडारे पर पहुंची साध-संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा पवित्र इलाही नारे के साथ भंडारे की शुरुआत की एवं पूज्य गुरु जी को स्थापना माह के भंडारे की बधाई दी। तत्पश्चात कविराजों ने सुंदर भजनों व कव्वालियों के माध्यम से साध-संगत को निहाल किया।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय परिवार न्यायालय स्थान सीकर (राज.)**
**रेखा विरूद्ध नारायण डाबी वाद बाबत अ. धारा 13 (A) H.M. Act 1955**
**वाद सं. 450 सन् 2022**

बनाम नारायण डाबी पुत्र सियाचंद डाबी जाति मोची निवासी- दुर्गा कॉलोनी, देवड़ा स्कूल के सामने, वार्ड नं.31, फतेहपुर शेखावाटी, जिला- सीकर (राज.) आवेदिका ने आपके विरूद्ध तलाक याचिका के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 26 माह 05 सन् 2025 को दिन में 8 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से संबधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 25 माह 03 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय की आज्ञा से वरिष्ठ मुंसरिम,**
**पारिवारिक न्यायालय, सीकर (राज.)**

**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए सूचना**

सोलर पावर पार्क डेवलपर (एसपीपीडी) के रूप में कार्यरत एस्सेल सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड (ईएसयूसीआरएल) प्रतिष्ठित 750 मेगावाट फलौदी-पोखरण सोलर पार्क के भीतर 150 मेगावाट सौर परियोजना के आवंटन के लिए योग्य सोलर प्लांट डेवलपर्स (एसपीडी) से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित कर रही है।

**परियोजना की मुख्य विशेषताएं:**
**स्थान:** फलोदी-पोखरण सोलर पार्क, जोधपुर और जैसलमेर, राजस्थान।
**कुल क्षमता:** 750 मेगावाट*
**आवंटित की जाने वाली क्षमता:** 150 मेगावाट
**ग्रिड कनेक्टिविटी:** 220kV ISTS भादला सबस्टेशन पर।
*सोलर पार्क ने पार्क कमीशनिंग की समय सीमा को 30.06.2025 तक बढ़ाने के लिए आवेदन किया हुआ है। यदि आवश्यक हुआ तो, आगे की वृद्धि के लिए लागू नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार आवेदन किया जाएगा।
**मुख्य जानकारी:**
**ईओआई क्रमांक:** ESUCRL/EoI/2025/001
**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि:** 16.06.2025, शाम 5 बजे तक।
**संपर्क मोबाइल नंबर:** +91-9650516244
**ईमेल:** projectesucrl@gmail.com
**पंजीकृत पता:** G-7, ग्राउंड फ्लोर, श्री मेंशन, कमला मार्ग, C-स्कीम, जयपुर, राजस्थान-302001
**विस्तृत ईओआई दस्तावेज नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं:**
**https://bit.ly/nxtender**

# विधायक भांबू ने मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के सुलताना कस्बे में चिडावा रोड स्थित पीएमश्री रामप्रताप महादेव प्रसाद रूंगटा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में रविवार को मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू व विशिष्ट अतिथि चिड़ावा प्रधान रोहिताश्व धांगड़ थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान सिंह ने की। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासियों ने विधायक भांबू का मां सरस्वती के चित्र व पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया। अपने संबोधन में विधायक भांबू ने कहा कि मां सरस्वती विद्या, ज्ञान और बुद्धि की देवी हैं और विद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा लगाना विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति श्रद्धा और समर्पण को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर टीनशैड और इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाने की घोषणा भी की। जिससे छात्र-छात्राओं को मौसम की मार से राहत मिलेगी और स्कूल की संरचना भी सुदृढ़ होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथि व सभी आगंतुकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों को प्रेरित करेगा और विद्यालय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।समारोह के अंत में सभी उपस्थित जनों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक प्रार्थना की और शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। इस मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजकुमार जांगिड, हरेंद्र धनखड़ किठाना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनिल लांबा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, आशुसिंह, सुनिल मोदी, प्यारेलाल शर्मा, राजकुमार मूंड, सुमित्रा झाझडिया, सुशील शर्मा, क्यूम अली चिडावा, सुमन थाकन, वेदप्रकाश सैनी, विक्रम डारा, विकास धतरवाल, बजरंगसिंह शेखावत, नवल गोयनका, मोहनलाल लांबा, महावीर जांगिड़, राजकुमार तोगडिया, विजेंद्र, पृथ्वीसिंह सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



जिले के सुलताना कस्बे में चिडावा रोड स्थित पीएमश्री रामप्रताप महादेव प्रसाद रूंगटा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया गया।